p>

Title: Need to construct Railway Over Bridge (ROB) on railway crossings at Kargil chowk collectorate in Jahanabad, Bihar.

श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद (जहानाबाद): अध्यक्ष जी, आज हमें इस अवसर पर बोलने का मौका मिला है, इसके लिए जहानाबाद संसदीय क्षेत्र की जनता और अपनी ओर से आपको प्रणाम करता हूं और धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, जहानाबाद एक पिछड़ा जिला है और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है । सबसे बड़ी बात है कि वहां रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की आवश्यकता है । कारगिल चौक के कलेक्ट्रेट है और कलेक्ट्रेट के पास ही रेलवे गुमटी क्रॉस करती है । एनएच-83 उसी रास्ते से गुजरती है । उसमें नित्य दिन जाम लगा रहता है, उसके कारण जहानाबाद जिला के ग्रामवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

महोदय, हम आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करते हैं कि उस पर फ्लाईओवर बनाया जाए । वहां रेलवे के द्वारा एक अंडरपास बन रहा है, वह कई साल से लंबित है ।

महोदय, आपके माध्यम से मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे अंडरपास और ओवरब्रिज बनाने का निर्देश देने का कष्ट करें ।

माननीय अध्यक्ष : आज राजस्थान के सांसदों की बारी सबसे अंत में आएगी ।